# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2022/ 17022 दिनांक: 04 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अभियंत्रण एवं व्यवसायिक संस्थान।

विषय: प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75वें गौरवशाली वर्षो का जश्न ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' एवं अन्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध राज्यपाल सचिवालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-ई-4940/32-जी0एस0/2022-IX दिनांक 02.08.2022 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75वें वर्ष पूर्ण करने पर ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' (AKAM) मनाया जा रहा है। AKAM के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नागरिकों को अपने अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है। राजभवन सचिवालय के पत्र दिनांक 02.08.2022 में बिन्दु 01 से 07 तक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देश दिये गये है।

अत: आपसे अपेक्षा है कि कृपया राज भवन के उक्त निर्देशानुसार संस्थान स्तर से कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की रिपोर्ट ई-मेल आई0डी0 rajbhavanosde@gmail.com तथा विश्वविद्यालया की ई-मेल registrar@aktu.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक:-यथोक्त।**

भवदीय,

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रति कुलपति ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. समस्त सहायक कुलसचिव/प्रोग्रामर/व्यवस्थाधिकारी/विधि अधिकारी/अवर अभियंता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ
7. स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
8. समस्त कर्मचारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

स्पीड पोस्ट / ई-मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ-226027

संख्या : ई- 4940 / 32-जी0एस0 / 2022 - I2
दिनांक: 03 अगस्त, 2022.

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**कुलपति / निदेशक**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय :- प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न "आजादी का अमृत महोत्सव" स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा" एवं अन्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने विषयक।

महोदय / महोदया,

जैसा कि आप अवगत हैं कि प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 वर्ष पूर्ण करने पर "आजादी का अमृत महोत्सव" (AKAM) मनाया जा रहा है। AKAM के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है।

मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निम्नलिखित कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए गये है :-

1 छात्रों के साथ-साथ स्थानीय युवा मंडलों, एनएसएस एवं एनसीसी आदि के स्वयंसेवकों को सम्मिलित करते हुए 11 से 15 अगस्त, 2022 के मध्य "प्रभात फेरी" का आयोजन किया जाये।

2 छात्रों को अपने पड़ोस में कम से कम 5 और घरों में झंडे बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

3 दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 के दौरान सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए।

71 04/8/22

Urgent

Registrar

कुलपति

AR(E)

HPVerma

4 झंडे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट https://harghartiganga-com पर पोस्ट की जाये इसके साथ ही, कोई भी व्यक्ति अपने भौगोलिक निर्देशांक के अनुसार वेबसाइट पर ध्वज को पिन कर सकता है।

5 विश्वविद्यालयो/संस्थानों की वेबसाइटों पर इसी तरह के बदलाव कर 22 जुलाई 2022 से शुरू "हर घर तिरंगा" वेबसाइट https://harghartiranga.com पर इसे अपडेट किया जाये।

6 आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अपने सभी इंटरनेट मीडिया एकाउंट के प्रोफाइल एवं डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) लगाए।

7 विश्वविद्यालय के संबद्धता के अन्तर्गत आने वाले जिलों में शिक्षक कर्मचारी, अधिकारी के साथ–साथ विद्यार्थी भी गांव–गांव जाकर "हर घर तिरंगा" का प्रचार–प्रसार करें एवं इसके साथ–साथ लेखन, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता, पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक, डाक्यूमेंट्री, संगोष्ठी आदि का भी आयोजन कराएं। विश्वविद्यालय सेल्फी विद तिरंगा प्रतियोगता का आयोजन कराएं एवं विजेताओं को 15 अगस्त को कार्यक्रम में सम्मानित करें।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही की रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल आईडी (rajbhavanosde@gmail.com) पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ0 पंकज एल0 जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।